सीएमएचओ के सामने चिकित्सक के खिलाफ भड़के परिजन

इलाज के नाम पर एक जैसी दवाएं लिखने का आरोप, मरीजों ने दिखाईं पर्चियां,परिजनों ने खुलकर रही शिकायतें

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 फरवरी। जिले के देवसर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर आनंद गुप्ता के व्यवहार एवं कार्यशैली को लेकर मरीजों और उनके परिजनों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। इलाज की उम्मीद लेकर अस्पताल पहुंचने वाले लोगों को उचित उपचार और संतोषजनक व्यवहार नहीं मिलने का आरोप लगाया जा रहा है। बुधवार को सामने आए एक वीडियो में मरीजों की पीड़ा और आक्रोश स्पष्ट रूप से दिखाई दिया,जिससे अस्पताल की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

बुधवार दोपहर जब मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पुष्पराज सिंह देवसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण पर पहुंचे, तो अस्पताल में मौजूद मरीजों और उनके परिजनों ने डॉक्टर आनंद गुप्ता के खिलाफ शिकायतों की झड़ी लगा दी। कई मरीजों ने अपनी पर्चियां दिखाते हुए आरोप लगाया कि बिना ठीक से जांच किए एक जैसी दवाएं सभी को लिख दी जाती हैं। मरीजों का कहना है कि उनकी बीमारी और लक्षण अलग-अलग होने के बावजूद समान दवाएं दी जा रही हैं, जिससे उन्हें अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि डॉक्टर का व्यवहार मरीजों के प्रति संवेदनशील नहीं है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार मरीजों को अपनी समस्या बताने का पूरा अवसर भी नहीं मिलता, जिससे उनमें असंतोष बढ़ रहा है। अस्पताल में आए दिन इस तरह की शिकायतें सामने आने से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार डॉक्टर आनंद गुप्ता को पूर्व में भी उनके कार्य एवं व्यवहार को लेकर तत्कालीन कलेक्टर द्वारा फटकार लगाई जा चुकी है तथा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। इसके बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं होने से मरीजों में नाराजगी बनी हुई है। क्षेत्रीय नागरिकों ने स्वास्थ्य विभाग से अस्पताल की व्यवस्था में सुधार कर मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि लोगों का सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर विश्वास कायम रहे।

मुख्यालय में नहीं रहते सीबीएमओ

जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवसर की चिकित्सकीय व्यवस्था पूरी तरह से अस्त-व्यस्त है। आलम यह है कि यहां के मरीजों का देखभाल अब सब कुछ भगवान भरोसे है। चिकित्सको की मनमानी से मरीजों का हाल बेहाल है। यहां के मरीज बताते है कि यह समस्या आज से नही कई वर्षो से है। जब से यहां की जवाबदेही सीबीएमओ डॉ.सीएल सिंह को सौंपी गई है तभी चिकित्सक मनमानी पर हैं। चिकित्सको की मनमानी को रोकने टोकने वाला कोई नही है। आरोप लग रहा है कि यहां के सीबीएमओ का ज्यादा वक्त सरई में गुजरता है। सरई अंचल के प्रति इतनी मोहमाया क्यो है यह तो वही बताएंगे। लेकिन इससे सबसे ज्यादा परेशानी व फजीहत मरीजो की हो रही है। अब मरीज धीरे-धीरे यहां के चिकित्सको के खिलाफ मुखर होने लगे हैं।

सीएमएचओ के निरीक्षण में खुली पोल

दरअसल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवसर में मची भर्रेशाही को लेकर लगातार शिकायतों सामने आ रही है। कई बार यहां के विडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। यहां तक कि गंभीर मरीजों का इलाज चिकित्सक नही करते। पिछले माह एक विडियो भी वायरल हुआ था,जहां सड़क हादसे में घायल युवक का इलाज के लिए जब अस्पताल ले जाया गया तो वहां कोई चिकित्सक नजर नही आए। जबकि अस्पताल एवं डॉक्टर कॉलोनी की दूरी चंद कदम की दूर पर है। इसके बावजूद चिकित्सक नही पहुंचे थे। जिसका विडियो भी वायरल हुआ और अस्पताल प्रबंधन की पोल खुल गई थी। आज सीएमएचओ ने जब अस्पताल का निरीक्षण किया तो वहां की अव्यवस्थाएं देखकर नाराज हुए और चिकित्सक की मनमानी पर फॅटकार भी लगाए।

इनका कहना है

मैहर जिले के वेद विद्यालय में पढ़ रहे तीनों बच्चे अपने अपने घर में सुरक्षित पाए गए हैं।कल सोमवार की रात वेद विद्यालय मैहर से बाउंड्री फांद कर 3 बच्चे गायब हो गए थे।स्थानीय प्रशासन द्वारा भागे हुए तीनों बच्चों के अभिभावक और रिश्तेदारों के यहां पतासाजी की गई। जिसमें कुशे?ी मैहर ,खुटहा,और जबलपुर के एक एक बच्चे को उनके परिवार के पास सुरक्षित ढूंढ निकाला गया है।

दिव्या पटेल
एस डी एम मैहर

बिजली से वंचित टोले के आदिवासी पहुंचे कलेक्टोरेट

ग्रामीण एवं जनपद सदस्य ने सुनाईं समस्याएं

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 फरवरी। चितरंगी जनपद पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 3 कुड़ैनियां के जनपद सदस्य जगतबहादूर सिंह के अगुवाई में आज दर्जनों की संख्या में आदिवासी ग्रामीण कलेक्ट्रोरेट एवं जिला पंचायत सीईओ के यहां पहुंच बिजली से वंचित आधा दर्जन टोलो के समस्याओं के बारे में अवगत कराते हुए विद्युतीकरण कराए जाने की मांग की है।

आरोप लगा है कि यह चितरंगी क्षेत्र पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री का गृह क्षेत्र है। इसके बावजूद यहां के कई टोले विद्युतीकरण से वंचित है। कलेक्टर एवं जिला पंचायत के यहां आवेदन पत्र देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत देवरी प्रथम के ग्राम भीतरी बैगा,कोहरान बस्ती,ग्राम पंचायत गड़वानी के ग्राम नटवार स्थित बहरी टोला,माटी गड़ई टोला आदिवासी बस्ती,ग्राम पंचायत कुड़ैनियां प्रथम के ग्राम सकरिया टोला स्थित ललमटिया आदिवासी बस्ती,ग्राम तुर्रा टोला के तुर्री आदिवासी बस्ती एवं ग्राम पंचायत मुड़पेली के मुड़पेला आदिवासी बस्ती में बिजली अभी तक नही पहुंची है। जबकि इन टोलो में सबसे ज्यादा संरक्षित जनजाती बैगाओं की बाहुल्यता है। बिजली न होने से एक बैगा परिवार को रात के अंधेरे में सर्प ने डंस लिया था,जहां आदिवासी युवक की मौत भी हो चुकी थी। जनपद सदस्य और ग्रामीणों ने इस ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए विद्युतीकरण कराए जाने की मांग की है।

एक नजर में

करंट की चपेट में आने से बंदर घायल

सिंगरौली. वन परिक्षेत्र बैढन अन्तर्गत गनियारी मुक्ति धाम के पास 11 हजार केव्ही विद्युत लाईन से करंट लगने से घायल काले मुह के बदंर की सूचना प्राप्त होने पर वन अमले द्वारा घायल बंदर का रेसक्यु कर जिला पशु चिकित्सालय बैढन में उपचार कराया गया। उपचार उपरान्त 24 घण्टे की निगरानी के पश्चात स्वस्थ होने के उपरान्त बंदर को वन परिक्षेत्र बैढन अंतर्गत वन क्षेत्र में सुरक्षित छोड़ा गया। यह कार्यवाही डीएफओ अखिल बंसल,उप वनमण्डलाधिकिरी बैढन नरेन्द्र त्रिपाठी के मार्गदर्शन एंव राजकुमार यादव वन परिक्षेत्राधिकारी बैढन, सुरेश सिंह मरकाम परिक्षेत्र सहायक बैढन, भाग्योदय सिंह,विपिन पाण्डेय, महेन्द्र तिवारी एंव इन्द्रजीत सिंह स्थायीकर्मी का सहयोग रहा।

लखन लाल साहू बने कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष

सिंगरौली. मध्यप्रदेश तैलिक साहू सभा अभा तैलिक साहू महासभा नई दिल्ली राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर से संबद्ध संरक्षक बटनलाल साहू बेरसिया के प्रस्ताव अनुसार मध्य प्रदेश में विभिन्न सक्रिय समाजसेवियों की नियुक्तियां की है। अभी हाल में 10 फरवरी को प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू द्वारा दी गई स्वीकृति के क्रम में कार्यवाहक अध्यक्ष पद पर लखन लाल साहू की नियुक्ति करते हुए रीवा संभाग का प्रभारी भी बनाया गया है। नवनियुक्त कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष लखन लाल साहू ने बताया मैं कई वर्षो से सामाजिक संगठन से जुड़ा हूं और जो भी जिम्मेदारी मिली,पूरे मन से पूरी ईमानदारी से निर्वहन किया। श्री शाहू के नियुक्ति पर रीवा संभाग के उनके शुभचिंतको ने हर्ष व्यक्त किया है।

परिवहन व खनिज विभाग की संयुक्त कार्रवाई

बिना ई-टीपी कोयला परिवहन करते पकड़ाया मालवाहक

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 फरवरी। कलेक्टर गौरव बैनल की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय डीएल बैठक में दिए गए थे।

निर्देशों के पालन में परिवहन एवं खनिज विभाग द्वारा जिले में संयुक्त रूप से सघन जांच एवं जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध खनिज परिवहन पर रोक लगाना,सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा पर्यावरण संरक्षण के नियमों का कड़ाई से पालन कराना रहा। संयुक्त जांच के दौरान बिना ई-टीपी के कोयला परिवहन करते पाए गए मालवाहक वाहन क्रमांक यूपी 64 सीटी 4374 को नियम विरुद्ध पाए जाने पर जब्त कर सुरक्षार्थ मोरवा थाना परिसर में खड़ा कराया गया। वाहन के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौर के मार्गदर्शन में टीम द्वारा प्रदूषण प्रमाण पत्र ,ओवरलोडिंग, खनिज अभिवहन पास, बीमा एवं फिटनेस प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। यह अभियान परसौना चौकी, बारगवां बायपास, विंध्यनगर,शक्तिनगर मार्ग, मुड़वानी,जयंत एवं शुक्ला मोड़ तक संचालित किया गया।



कटने के लिए ले जायी जा रही सात भैंसों को पुलिस ने किया जब्त

जियावन पुलिस ने पेट्रोल पंप के पास से दबोचा,चालक के खिलाफ मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 फरवरी। जोगिनी पेट्रोल पंप के पास एक पिकअप वाहन को पुलिस ने जब्त कर सात भैंसो को बरामद करते हुए चालक के विरुद्ध जियावन पुलिस ने पशु क्रुरता अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दिया है। जियावन टीआई की इस कार्यवाही से पशु तस्करों में हड़कम्प मच गया है।

जानकारी के अनुसार,मुखबिरों के जरिए जियावन थाना प्रभारी निरीक्षक डॉ.ज्ञानेन्द्र सिंह को सूचना मिली की एक पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 66 जेडबी 1496 में मवेशी भैंसो को लेकर सीधी की ओर जाने वाले हैं। इस सूचना के आधार पर टीआई ने पुलिस टीम को तत्काल रवाना किया। जोगिनी पेट्रोल पंप के समीप उक्त पिकअप वाहन को अपने कब्जे में लेते हुए छानबीन की गई। जहां सात भैंसे पिकअप वाहन के अंदर बंद थी। उन्हें रस्सियों से जकड़ कर बांधा गया था। पुलिस ने मवेशी एवं पिकअप वाहन को अपने कब्जे में लेकर पशु तस्करों के कब्जे से मुक्त कराते हुए वाहन चालक के विरुद्ध पशु क्रुरता अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही करते हुए इस बात का पता लगाया जा रहा है कि मवेशी कहां से लेकर कहां जा रहे थे। फिलहाल पुलिस की इस कार्यवाही से पशु तस्करों में हड़कम्प मचा हुआ है। थाना प्रभारी ने साफ शब्दों में कहा है कि पशु तस्करों के विरुद्ध पूर्व में भी कार्यवाईयां की गई थी और आगे भी सख्त कार्यवाही की जाएगी।

संगठन की मजबूती और सदस्यता बढ़ाने पर दिया गया जोर

नवभारत न्यूज

बरगवां 11 फरवरी। वैश्य महासम्मेलन तहसील इकाई बरगवां द्वारा 10 फरवरी को वर्ष 2026 के कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम एवं कामकाजी बैठक का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश मंत्री राजाराम केसरी उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गोरेलाल शाह ने की। विशिष्ट अतिथियों में प्रदेश समिति सदस्य संजीव अग्रवाल, विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष नरेश शाह, जिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता कुंज बिहारी गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल किशोर गुप्ता तथा बरगवां नगर परिषद के पार्षद मानिकचंद गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माता लक्ष्मी, भगवान गणेश एवं माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि राजाराम केसरी ने कहा कि वैश्य महासम्मेलन का उद्देश्य समाज के सभी व्यापारियों और व्यवसायियों को एक मंच पर लाकर संगठन को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश इकाई द्वारा प्रतिवर्ष लगभग 50 हजार कैलेंडर छपवाकर आजीवन सदस्यों को नि:शुल्क वितरित किए जाते हैं। उन्होंने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनने का आह्वान किया। अध्यक्षता कर रहे गोरेलाल शाह ने संगठन से जुड़ने को समाज की ताकत और पहचान बताया। कार्यक्रम का सफल संचालन युवा इकाई के जिला अध्यक्ष अधिवक्ता पुनीत गुप्ता ने किया तथा आभार प्रदर्शन कमल किशोर गुप्ता ने व्यक्त किया। इस अवसर पर भैयालाल गुप्ता, संदीप सोनी, शिवचरण साहू,अशोक गुप्ता, मनोज गुप्ता, शंकरलाल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में वैश्य समाज के व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अंतर क्षेत्रीय विद्यालयीन सांस्कृतिक प्रतियोगिता का हुआ समापन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 फरवरी। मंगलवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की झिंगुरदा परियोजना में दो दिवसीय अंतर क्षेत्रीय विद्यालयीन सांस्कृतिक प्रतियोगिता वर्ष 2025-26 का समापन हुआ।

9 से 10 फरवरी तक आयोजित इस प्रतियोगिता में एनसीएल के लगभग 11 क्षेत्रों के विद्यालयों से 183 प्रतिभागियों ने लोक संगीत, लोकनृत्य, तबला वादन, भजन गायन, कव्वाली और विभिन्न वाद्य यंत्रों जैसे हारमोनियम, सिंथेसाइजर एवं गिटार की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। इस दौरान ककरी की टीम ने 19 अंक प्राप्त कर चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की एवं 15 अंकों के साथ संयुक्त रूप से मुख्यालय निगाही एवं खड़िया की टीम उपविजेता रही। इस अवसर पर महाप्रबंधक मानव संसाधन, राजेश त्रिवेदी महाप्रबन्धक झिंगुरदा,एके बाग, कंपनी जेसीसी सदस्यगण, स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड सदस्य एवं परियोजना जेसीसी सदस्य एवं विभागध्यक्ष, अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी सहित विद्यालय प्राचार्य, शिक्षक एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

रात्रि 10 बजे के बाद डीजे व ध्वनि विस्तारक यंत्र प्रतिबंधित : मनीष

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 फरवरी। परीक्षा के मौके पर पढ़ाई में खलल डाल रहे बेलगाम डीजे लाउडस्पिकर वालों को पुलिस प्रशासन ने चेतावनी जारी की है।

पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने आज बुधवार को जिले में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा वर्तमान में बच्चों की परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए जिले के सभी डीजे संचालकों, आयोजकों एवं संबंधित व्यक्तियों हेतु चेतावनी भरा निर्देश जारी किए हैं। पुलिस प्रशासन ने कहा है कि रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी प्रकार का डीजे, साउंड सिस्टम या ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाना पूर्णत: प्रतिबंधित है। बिना सक्षम अनुमति डीजे संचालित करना दंडनीय होगा। ध्वनि स्तर निर्धारित मानकों से अधिक नहीं होना चाहिए। विद्यालयों, आवासीय क्षेत्रों के समीप विशेष सावधानी बरती जाए। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने अपील करते हुए कहा है कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों की परीक्षाएँ संचालित हो रही हैं। रात्रि में तेज ध्वनि से विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित होती है, जो अस्वीकार्य है। कहा गया है कि निर्देशों का उल्लंघन करने पर डीजे जप्ती व चालानी कार्यवाही एवं अपराध पंजीबद्ध किया जाएगा।

बांस की बल्ली में महिला फांसी पर झूली

सिंगरौली 11 फरवरी। चितरंगी थाना क्षेत्र के ग्राम बगैया टोला ठेंगरहवा निवासी एक 34 वर्षीय महिला दिन 10 बजे मुर्गा फार्म के घर में बांस के बल्ली के सहारे रस्सी लगाकर फांसी के फंदे में झूल गई। फिलहाल फांसी लगाने का कारण अज्ञात है। पुलिस सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बगैया टोला ठेंगरहवा टोला निवासी राजमती सिंह गोड़ पति तिलकधारी सिंह गोड़ उम्र 34 वर्ष ने मुर्गी फार्म वाले घर के अंदर बांस के बल्ली में रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर झूल गई। सूचनाकर्ता मृतिका के पति ने बताया कि जब वह फांसी के फंदे पर लटकी थी उसे देख नीचे उतारा गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी है।

स्व . श्रवण कुमार वैश्य स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

बलियरी प्रीमियर लीग सीजन-4 का हुआ रंगा रंग आगाज

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 फरवरी। बलियरी में स्व. श्रवण कुमार वैश्य स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता बलियरी प्रीमियर लीग सीजन-4 का वार्ड न 38 तुलसी पार्षद एवं अपीलीय समित सदस्य ननि अनिल कुमार वैश्य द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि पार्षद श्री वैश्य खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने बल्ला थामकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते युवाओं से कहा कि खेलेंगे युवा, बढ़ेंगे युवा के मंत्र से ही नए भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नगर के विकास में खेलों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं बल्कि यह युवाओं को टीम वर्क और जीवन की चुनौतियों से संघर्ष करना भी सिखाते हैं। इस अवसर पर दीपेश वैस, रविचंद्र वैश्य, अरविंद कुमार वैस, राम बाबू वैश्य, राहुल वैस आदि लोग उपस्थित रहे ।

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की कार्यशाला आज

सिंगरौली 11 फरवरी । महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने बताया कि कि नगर निगम निकाय अंतर्गत हितग्राहियों,उद्यमियों, जनप्रतिनिधियों, बैंकर्स, गणमान्य नागरिक के लिए सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विभाग मध्यप्रदेश शासन की योजनाओं तथा नीतियों पर कार्यशाला सेमीनार का आयोजन कल 12 फरवरी को नगर पालिक निगम के सभागार में आयोजित किया जा रहा है। उन्होने शहरी क्षेत्र के हितग्राहियों, उद्यमियो, जनप्रतिनिधियों बैंकर्स, गणमान्य नागरिकों से अपील है कि निर्धारित समयानुसार कार्यशाला सेमीनार में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर शासन द्वारा संचालित योजनाओ के संबंध में जानकारी प्राप्त कर योजनाओ का लाभ उठाए।

समर्पण दिवस पर दी गई पितृ पुरुष को श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 फरवरी। भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष व जनसंघ के अध्यक्ष रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी ने जिला स्तर से लेकर मंडलों तक कार्यक्रम आयोजित किए।

समर्पण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अपने समर्पण निधि जिसे आजीवन सहयोग निधि भी कहा जाता है की शुरुआत करती है। भाजपा कार्यालय मे आयोजित समारोह मे विधिवत समर्पण दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के नेतृत्व मे तथा विधायक देवसर राजेंद्र मेश्राम की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अर्चना सिंह तथा समर्पण निधि की प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष पूनम गुप्ता मंचासीन रहे। पितृ पुरुष की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा वक्ताओं ने अपने विचार कार्यकर्ताओं के बीच रखे। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि दीनदयाल के आदर्शों वाली ये पार्टी आज इतनी विशाल हो चुकी है कि पूरे देश मे उसी राष्ट्रवादी पार्टी की सरकार निहित है। ऐसे महान पुरुष के दिये गये संस्कारों से हम सब कार्यकर्ता संगठन के कार्यों मे लगे रहें यही उनके लिए सच्ची श्रद्धा और श्रद्धांजलि होगी।

मेरा सेक्टर,सबसे बेहतर पहल से स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी नई मजबूती

स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की बैठकें माडा, चितरंगी व देवसर में आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 फरवरी। आकांक्षी जिला सिंगरौली में स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा मेरा सेक्टर, सबसे बेहतर कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठकें विकासखंड माडा, चितरंगी एवं देवसर में आयोजित की गईं।

यह बैठक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चितरंगी, सामुदायिक भवन माडा एवं मंगल भवन देवसर में संपन्न हुईं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दोनों विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना है। देवसर में आयोजित बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पुष्पराज सिंह ठाकुर, डीपीओ आईसीडीएस जितेन्द्र गुप्ता, जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं सीबीएमओ देवसर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सेक्टर सरौंधा एवं देवसर के आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सीएचओ, एएनएम एवं सेक्टर सुपरवाइजर की उपस्थिति में विभिन्न स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। चितरंगी में आयोजित बैठक में सेक्टर चितरंगी एवं नौगई के कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचएस बैस, सत्येंद्र सोधिया सीडीपीओ, डॉ. गंगा जायसवाल आरबीएसके, प्रदीप निगवाल डीसीएम, रामलाल कोरी बीपीएम, छत्रपति सिंह बीसीएम एवं निखिल द्विवेदी आयुष्मान भारत सहित स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने दिया जोर

विकासखंड माडा में बैठक डॉ. पंकज सिंह एवं डॉ.विशेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, शत-प्रतिशत टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच एवं ऑनलाइन पोर्टल में समय पर रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सेक्टर स्तर पर पाई गई कमियों को दूर करने के लिए दोनों विभाग संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। इस पहल से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होने के साथ ही मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में महत्वपूर्ण सफलता मिलने की उम्मीद है।